Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to Construct ROB, VUP, and CUP on National Highway No.52 in Churu Parliamentary Constituency.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): सभापति महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू (राजस्थान) के अत्यंत महत्वपूर्ण राजमार्ग संख्या 52 का इस समय 2 लेन से 4 लेन किये जाने का कार्य प्रगतिरत है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मार्ग है, जो मेरे लोकसभा क्षेत्र को सीधे तौर पर पंजाब और कांडला, गुजरात से जोड़ने का कार्य करता है। इस सड़क मार्ग का विस्तार कार्य 2024 में होना प्रस्तावित था, लेकिन माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी ने हमारे निवेदन पर अत्यधिक ट्रैफिक को देखते हुए इसी वर्ष इसके कार्य को किये जाने हेतु स्वीकृति जारी की। इस कार्य के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ। लगातार बढ़ते ट्रैफिक के कारण इस मार्ग पर अनेक ऐसे ब्लाइंड स्पॉट बन गए हैं जिन पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पिछले दिनों ही चुरू तहसील के गाँव ढाणी डीएसपूरा में 2 बच्चों की जान चली गई थी, जिसकी वजह से आमजन में भारी रोष था। मेरे द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व पुलिस को सम्मिलित करते हुए इस मार्ग का सर्वे कर विभिन्न ब्लाइंड स्पॉट्स को चिह्नित किये जाने का कार्य किया गया था। हमने पाया कि क्षेत्र में अनेक गाँवों में सड़क के दोनों ओर बसावट होने की वजह से सड़क पार करना दुर्घटना का मुख्य कारण है। ज्वायंट सर्वे के दौरान हमने पाया कि गाँव भांगीवाद, बाघसरा आथुना, खोटिया, ढाणी डीसपुरा, रामसरा, ढाढर, लाखाऊ, लादडीया, सादुलपुर बाईपास पर खेमाणा, ढढाल व गुलपुरा के रास्ते पर, श्योपुरा व इन्दासर आदि मुख्य स्थानों पर ROB, VUP व CUP बनाये जाने की अत्यंत महत्ती आवश्यकता है। अतः मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि राजमार्ग पर दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु उपरोक्त सभी स्थानों पर आवश्यकता अनुसार ROB, VUP व CUP बनाये जाने हेतु ब्लाइंड स्पॉट रिडक्शन स्कीम के तहत निर्माण करवाया जाए।